卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 1 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦7 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## चतुर्थ नवरात्र



नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कूष्माण्डा स्वरूप की पजा की जाती है। इनकी आराधना के बिना जप व ध्यान सम्पूर्ण नहीं होते।

## राज्य की उन्नति के लिए उद्योगों का विकास जरूरी: राज्यपाल

काशीपुर(उद संवाददाता)। महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि0) गुरमीत सिंह ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आईआईएम काशीपुर में आयोजित उत्तराखंड प्रकोष्ठ (उत्तराखंड सेल) के स्थापना के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रतिभाग किया। महामहिम राज्यपाल ने उत्तराखंड प्रकोष्ठ (सेल) का फीता काटकर उदघाटन किया उसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि




आज के इस सुअवसर पर जब एक महाभियान की शुरुआत 'उत्तराखंड सेल' की स्थापना हो रही है, राज्य के तेजी से विकास के लक्ष्य की पूर्ति के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने पर मुझे बहुत ही प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह गुरु द्रोणाचार्य ने शिक्षा के लिए काशीपुर को चुना था ठीक उसी तरह भारत सरकार ने इस पावन भूमि को प्रबंध के क्षेत्र में ज्ञान की गंगा बहाने के लिए आईआईएम काशीपुर को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान (शेष पृष्ठ 7 पर)

## डंपर की टक्कर से मां बेटे की दर्दनाक मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। सोमवार की सुबह बाइक से रामनगर से अपने घर रामपुर लौट रहे बाइक सवार मां और बेटे को पीरुमदारा क्षेत्र में बेकाबू डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल मां बेटे को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए



ग्राम टांडा मल्लू के पूर्व प्रधान अब्दुल सव्वार ने बताया कि रविवार की शाम ग्राम बाहुपूरा जिला रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 22 वर्षीय फैजान अपनी 45 वर्षीय मां जैनब के साथ बाइक से ग्राम टांडा मल्लू में अपने ताऊ के यहां (शेष पृष्ठ 7 पर)

## घर में घुसकर किशोरी को मारी गोली,हालत गंभीर

किच्छा (उद संवाददाता)। सिरोलीकला वार्ड 19 में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर में घुसकर वहां मौजूद किशोरी को गोली मार दी और मौके से फरार



हो गया। फायर की आवाज सुनकर वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और घायल बालिका को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया। जहां से उसे हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी युवक को तलाश कर दबोच लिया और उसकी निशानदेही पर फायर में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया। पुलिस उससे सघन (शेष पृष्ठ सात पर)

## हरियाणा में भाजपा का होगा सफाया: सप्पल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस केन्द्रीय वर्किंग कमेटी के स्थायी सदस्य एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के राजनैतिक सलाहकार गुरदीप सिंह सप्पल का सोमवार को जिला मुख्यालय आगमन पर जिला एवं किसान कांग्रेस कमेटी ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान श्री सप्पल ने कार्यकर्ताओ से भेंट की और राजनैतिक मुद्दों को लेकर कांग्रेस नेताओं के साथ चर्चा भी की। दिल्ली से आये दिन गुरदीप सिंह सप्पल का सर्वथम उत्तराखण्ड बॉर्डर पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह लाडी ने कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। वाहनों के काफिले के साथ इसके



बाद श्री सप्पल सोनिया होटल पहुंचे यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित तमाम कांग्रेस नेताओं ने गर्मजोशी के साथ श्री सप्पल का स्वागत किया। तत्पश्चात बगवाड़ा मण्डी में किसान कांग्रेस की ओर से भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर किसान कांग्रेस की ओर से श्री सप्पल को बड़ी माला पहनाई गयी और तलवार भेंट कर सम्मानित किया (शेष पृष्ठ 7 पर)

### वीर सिंह विर्क बने किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री

रूद्रपुर। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के स्थायी सदस्य एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के राजनैतिक सलाहकार गुरदीप सिंह सप्पल ने बगवाड़ा मण्डी में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरभजन सिंह विर्क के भाई कांग्रेस नेता वीर सिंह विर्क को किसान कांग्रेस का प्रदेश महामंत्री बनाये जाने की घोषणा की साथ ही उन्हें (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बेहड़ के नये कार्यालय का उदघाटन,कई दिग्गज पहुंचे

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया जिसमें प्रदेश कांग्रेस पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । विगत दो वर्षों से क्षेत्रीय विधायक का कार्यालय किराए के भवन में चल रहा था। अब विधायक बेहड के आवास में ही निजी कार्यालय का निर्माण किया गया है। सोमवार को कार्यालय का हवन पूजन के साथ उदघाटन किया गया। इस दौरान पंडित अनिल कुमार शर्मा ने पूजा अर्चना कराई। कार्यालय के उदघाटन के अवसर पर कांग्रेस राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल ,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत



एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ को शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय विधायक के कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी के बड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा जसपुर के विधायक आदेश चौहान पूर्व सांसद महेंद्र पाल सिंह द्वारा भी विधायक तिलक राज को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम पार्टी के वरिष्ठ (शेष पृष्ठ सात पर)

## नमकीन के पैकेट में मिला जानवर का दांत

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से तैयार होकर मार्केट में खपत की जाने वाली आर डी ब्रांड की नमकीन के पैकेट में जानवर के दांत मिलने के बाद से यहां लोगों में पैकेट बंद खाद्यान्न को लेकर भय एवं संशय की स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि शिकायत का संज्ञान लेते हुए फूड इंस्पेक्टर ने सैंपल जांच के लिए भेज दिया है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि मैन्युफैक्चरिंग कंपनी आखिर लोगों के स्वास्थ्य एवं उनकी भावनाओं के साथ ऐसा खिलवाड़ कैसे कर सकती है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के खिलाफ विधि कार्यवाही करने को लेकर कोतवाली



पुलिस को तहरीर सौंप दिया गया। पुलिस को दी तहरीर में विजय चुनरिया रिसोर्ट के समीप मानपुर रोड निवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य उत्तराखंड अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग जयसिंह गौतम ने बताया कि डिटेल ऑफ सेप्टेंबर को वह पत्नी प्रमिला के साथ बूरा बताशा वाली गली में मार्केटिंग के लिए गए थे। इस दौरान वहीं के एक दुकानदार मुन्ना भाई से उन्होंने आर डी ब्रांड नमकीन का एक किलो का पैकेट डेढ़ सौ रुपए में खरीदा। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर लौटने पर परिजनों व मेहमानों के साथ सभी नमकीन खाने लगे। इसी बीच नमकीन की पैकेट से एक बड़ा दांत (शेष पृष्ठ सात पर)

## हरिद्वार में लगे 'सर तन से जुदा' के नारे

**यति नरसिंहानंद की विवादित टिप्पणी से धर्म नगरी में भड़के समुदाय विशेष के लोग,हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में उग्र प्रदर्शन कर लगाए भड़काऊ नारे,सर तन से जुदा नारे को हरिद्वार पुलिस ने माना हेट स्पीच,अज्ञात प्रदर्शनकारियों पर चार मुकदमे किए दर्ज**

**-अर्श-**

हरिद्वार। गाजियाबाद के डासना मंदिर के मुख्य पुजारी एवं श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज द्वारा विगत दिनों गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद साहब पर की गई कथित विवादित टिप्पणी के साइड इफेक्ट सूबे के हरिद्वार जिले में भी सामने आए हैं। ज्ञात हो कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज द्वारा कथित विवादित टिप्पणी की खबर आम होने



के बाद धर्म नगरी के कलियर, लक्सर ,ज्वालापुर और सिडकुल आदि कुछ क्षेत्रों में समुदाय विशेष के लोगों ने भीड़ की शक्ल में एकत्रित होकर उग्र प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान भीड़ में कुछ व्यक्ति सर तन से जुदा के नारे लगा रहे थे ।हरिद्वार पुलिस ने प्रदर्शनकारिओं की भीड़ में शामिल कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए उक्त नारे को भड़काऊ एवं हेट स्पीच के अंतर्गत माना है और अब धर्म नगरी पुलिस अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही करने की तैयारी में है ।हरिद्वार पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल के अनुसार धर्म नगरी में हुए विभिन्न प्रदर्शनों के दौरान लगाए गए सर तन से जुड़ा जैसे नारे हेट स्पीच के तहत आते हैं, लिहाजा लक्सर, ज्वालापुर और सिडकुल क्षेत्र में हुए प्रदर्शनों के सिलसिले में (शेष पृष्ठ सात पर)

## वैकल्पिक व्यवस्था से स्टोन क्रेशरों को मिली राहत:अभिषेक

**एलएससी इंफ्राटेक के एमडी ने जताया सीएम का आभार**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश में विगत चार दिनों से सर्वर डाउन के कारण स्टोन क्रेशरों को हो रही परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा



वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने पर एलएससी इंफ्राटेक लिमिटेड के निदेशक अभिषेक अग्रवाल ने उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विगत 2 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में साइबर अटैक होने से सर्वर डाउन हो गया था। जिस कारण माइनिंग विभाग की साइड बंद हो गई थी। उन्होंने बताया कि माइनिंग विभाग का रवन्ना पोर्टल बंद होने से लोगों को खनिज क्रय करने हेतु अत्यधिक परेशानी हो रही थी एवं उद्योगों में कार्यरत लोगों के सामने रोजी-रोटी का भी संकट खड़ा हो गया था। स्टोन क्रेशर्स द्वारा इस संबंध में अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक को अवगत कराया गया था। श्री अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उक्त समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर इसके (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में साईबर अटैक से ठप पड़ा कामकाज

## आईटीडीए की निदेशक निकिता खंडेलवाल ने दी जानकारी: प्रमुख विभागों की वेबसाइटों को सुचारू, सभी डाटा सुरक्षित



देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की सरकारी बेवसाइट्स पर हुए साइबर हमले से कामकाज ठप पड़ गया है। हांलाकि चार दिन बाद स्टेट डाटा सेंटर में आए मालवेयर के कारण अस्थायी रूप से बंद की गई प्रमुख विभागों की वेबसाइटों को सुचारू कर दिया गया है। आज अपनी सरकार, ई-ऑफिस, ई-रवन्ना पोर्टल, चारधाम पंजीकरण जैसी मुख्य साइट को सुचारू कर दिया गया है। इससे पहले शनिवार को सीएम हेल्पलाइन को सुचारू कर दिया गया था। 2 अक्टूबर को स्टेट डाटा सेंटर में आए मालवेयर के कारण उत्तराखण्ड शासन की कई महत्वपूर्ण साइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। काफी मशक्कत के बाद कुछ को चालू किया गया है लेकिन अब भी समस्या पूरी तरह हल नहीं हो पाई है। अब तक जांच से ये सामने आया है कि प्रदेश के आईटी सिस्टम पर साइबर हमला हुआ है। लेकिन ये हमला कहां से हुआ है इसके बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रदेश में बीते तीन दिन से सरकारी कामकाज ठप है। अब तक की जांच में ये साबित हो चुका है कि प्रदेश के आईटी सिस्टम पर साइबर हमला हुआ है। लेकिन ये हमाल हुआ कहां से है इसकी कोई जानकारी हाथ नहीं लग पाई है। सभी वेबसाइट को ठीक करने में सोमवार तक का समय लग सकता है। साइबर हमला कहां से हुआ है इसका पता लगाने के लिए केंद्र की तकनीकी टीमों के साथ एसटीएफ और साइबर पुलिस पिछले तीन दिन से जुटी हुई हैं। एसटीएफ और साइबर थाने के करीब 20 से भी ज्यादा एक्सपर्ट इसकी जांच कर रहे हैं। उनका कहना है कि जल्द ही हमला कहां से हुआ है और इसके स्त्रोत की पहचान कर ली जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को स्टेट डाटा सेंटर की स्कैनिंग अति शीघ्र पूर्ण कर जनहित से जुड़े विभागों की साइट को प्रथमिकता से फिर से शुरू किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा ये सुनिश्चित किया जाए कि सोमवार तक सभी साइट्स का संचालन शुरू हो जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा इस तरह के मामलों की पुनरावृति न हो और ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित सुरक्षा हेतु राज्य में अतिशीघ्र साइबर सिक्योरिटी टास्क फोर्स का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने सोमवार तक सभी साइट्स के सुचारू संचालन के निर्देश दिए थे। आईटीडीए की निदेशक निकिता खंडेलवाल ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सभी प्रमुख साइट्स को आज सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि 5 अक्टूबर को सीएम हेल्पलाइन व स्टेट पोर्टल जैसी सुविधाएं सुचारू कर दी गयी थी। जबकि आज सभी सेवाएं मुख्यत: अपनी सरकार, ई-ऑफिस, ई-रवन्ना पोर्टल, चारधाम रजिस्ट्रेशन सभी को सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम में कोई भी डाटा लॉस का कोई भी मामला संज्ञान में नहीं आया है और सभी डाटा सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में पिछले दो दिन में लगभग 2034 कॉल्स में से 1879 को वापस दर्ज कर लिया गया है। जिसमें लोगों को कॉल बैक किया गया और इसमें से 600 से अधिक शिकायतें दर्ज कर दी गई हैं।

# भगवानपुर में घी की कंपनी से उत्तराखंड और आंध्र प्रदेश की टीम ने लिए सैंपल

## तिरुपति बाला जी मंदिर में की गई थी 70 हजार किलोग्राम घी की सप्लाई




रूड़की। तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में लिए जाने वाले लड्डू के घी में मिलावट के मामले को लेकर रविवार को आंध्र प्रदेश और उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भगवानपुर स्थित घी बनाने वाली एक कंपनी पर छापा मारा। इस कंपनी में बने घी का इस्तेमाल तिरुपति बाला मंदिर के प्रसाद वाले लड्डू में हो रहा था। टीम ने कंपनी में रखे घी के सैंपल लिए हैं। साथ ही दस्तावेजों को भी जब्त किया गया है। जांच अभी चल रही है। साथ ही किसी को भी कंपनी के भीतर जाने की अनुमति नहीं है। आंध्रप्रदेश स्थित तिरुपति बाला जी के मंदिर में लड्डू का जो प्रसाद दिया जा रहा था उसके घी में मिलावट की बात सामने आई थी। घी में पशु की चर्बी होने तक की बात कही गई थी। इस मामले को लेकर पूरे देश में चर्चा रही। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया। मामले की जांच पड़ताल उच्च स्तर पर चल रही है। जांच पड़ताल में सामने आया है कि मंदिर से मिलने वाले प्रसाद लड्डू में जो घी इस्तेमाल हो रहा था। यहां घी की सप्लाई तिरुपति बाला जी मंदिर में हो रही थी। जिसके चलते आंध्र प्रदेश व उत्तराखंड की खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रविवार को कंपनी पर छापा मारा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां घी, दूध और अन्य सैंपल लिए हैं। कंपनी से यहां से ही घी की सप्लाई हो रही थी। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेंद्र पांडेय ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। कंपनी में मिले घी व अन्य सामान के सैंपल लिए गए हैं। बताया गया है कि अब तक 70 हजार किलोग्राम घी की आपूर्ति मंदिर को हो चुकी है।

# तजेन्द्र सिंह विर्क को पितृ शोक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजेंद्र सिंह विर्क के पिता तथा इलाके समाजसेवी हरभजन सिंह विर्क का सोमवार की सुबह वृद्धावस्था के चलते निधन हो गया वे लगभग 85 साल के थे। स्वर्गीय सरदार हरभजन सिंह रुद्रपुर नगर की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। उनके निधन पर उत्तरप्रदेश/उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ की तरफ से एक बयान में लोकतंत्र सेनानी सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा स्वर्गीय विर्क का निधन किसान हितों का बहुत बड़ा नुकसान है वे लोगों के प्रेरणास्त्रोत थे । लोकतन्त्र सेनानी कस्तूरीलाल तागरा ने उनके निधन को सामजिक ओर धार्मिक संस्थाओं के लिए बहुत बड़ी क्षति बताया है । सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र सुखीजा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एडवोकेट अभिनव छाबड़ा, भाजपा नेता वेद प्रकाश ठुकराल नरेश कुमार सेठ,अपार सिंह बेदी,एडवोकेट सुरभि आहूजा,गौरव मिड्ढा,मीरा चौहान,लोकतंत्र सेनानी सोबन सिंह अधिकारी ,ओमप्रकाश ठुकराल ,सुरेश पुंशी,नरेंद्र गगनेजा ,सुरेश मदान, तरार हसन खघन, गुरेंद्रसिंह कुक्कू ,हरीश चंद्र ठुकराल भाजपा नेता विकास शर्मा,प्राण ठक्कर, जे. बी.सिंह व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश कुमार छाबड़ा , प्रवेश साहनी, नरेंद्र दावड़ा,मोहन जीत सिंह सुखीजा , एडवाकेट कमल चिलाना, जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय समेत तमाम लोगों ने सरदार हरभजन सिंह विर्क को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये हैं।

# रिश्वतखोर आबकारी इंस्पेक्टर और कानूनगो गिरफ्तार

चमोली/पौड़ी। उत्तराखंड में विजिलेंस ने लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई की। बीते 48 घंटे में विजिलेंस ने चमोली और पौड़ी से दो अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। विजिलेंस टीम ने रविवार को कर्णप्रयाग में आबकारी इंस्पेक्टर को 30 हजार रुपये की रिश्वत के साथ पकड़ा। पीड़ित ने शिकायत की की थी कि चमोली में उसकी शराब की दुकान की सब दुकान जो उसका पार्टनर चला रहा है उसका राजस्व नियमित रूप से दिया जा रहा है। आरोप है कि आबकारी इंस्पेक्टर जयबीर ने निकासी पास न होने का भय दिखाकर पैसे मांगे। जिसके एवज में उसे 30 हजार रुपये दिए जा रहे थे। टीम ने आरोपी को उसके घर से रंगेहाथ गिरफ्तार किया। बता दें कि शनिवार को विजलेंस ने जमीन के सीमांकन के नाम पर 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते पौड़ी में कानूनगो को रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। विजिलेंस की आज दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही वहीं पौड़ी के पट्टी अगरोड़ा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने विजिलेंस को शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि उनके पैतृक गांव में पिता की सहखातेदारों के साथ भूमि दर्ज होनी थी। इसके लिए राजस्व विभाग को सीमांकन और आख्या तैयार होनी थी। जमीन के सीमांकन के नाम पर 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते पौड़ी में कानूनगो को विजिलेंस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस ने कानूनगो के घर और कार्यालय में भी खोजबीन की। वहां से कई दस्तावेज भी कब्जे में लिए गए हैं। आरोपी कानून गो को रविवार को स्पेशल विजिलेंस कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसएसपी विजिलेंस धीरेंद्र गुंज्याल ने बताया कि पौड़ी के पट्टी अगरोड़ा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने विजिलेंस को शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि उनके पैतृक गांव में पिता की सहखातेदारों के साथ भूमि दर्ज होनी थी। इसके लिए राजस्व विभाग को सीमांकन और आख्या तैयार होनी थी। उन्होंने राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) कैलाश रवि से बात की। पहले तो कई दिन कैलाश रवि ने उन्हें टहलाया। उसके बाद उनसे रिश्वत मांगने लगा। लेकिन, पीड़ित रिश्वत नहीं देना चाहता था। लिहाजा उन्होंने उसे ट्रैप कराने की योजना बना ली। विजिलेंस ने शिकायत की प्राथमिक जांच की और ट्रैप टीम तैयार की। कानूनगो ने पीड़ित को पेंडुल गांव पौड़ी बुलाया था। विजिलेंस की टीम पीड़ित के साथ गांव पहुंची और कानूनगो कैलाश रवि को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर और कार्यालय से कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इन सबकी जांच की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

KRIBHCO KRIBHCO

**निविदा संशोधन सूचना**

Ñ"kd Hkkjrh dkvkijfVo fy0

बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर

सर्व साधारण को सूचितं किया जाता है कि बीज उत्पादन इकाई, रुद्रपुर के किच्छा स्थित गोदाम से बिहार राज्य के विभिन्न गन्तव्य स्थानों पर प्रमाणित गेंहूँ बीज के प्रेषण हेतु दैनिक समाचार पत्र 'उत्तराँचल दर्पण' के दिनांक 11.09.2024 के अंक में प्रकाशित निविदा सूचना में कृभको राज्य विपणन कार्यालय, देहरादून में निविदा उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि दिनांक 30.09.2024 समय मध्याह्न 12:00 बजे तक प्रकाशित कराया गया था, जिसकी तिथि विस्तारित कर दिनांक 09.10.2024 समय मध्याह्न 12:00 बजे तक किया जाता है, एवं उक्त निविदा को उसी दिन 09.10.2024 को दोपहर 01:00 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना से सम्बंधित अन्य सूचनाएं व शर्तें पूर्ववर्त रहेंगी।

**श्री रमेश कुमार**
मु० राज्य विपणन प्रबंधक
कृभको 30, आकाशदीप कॉलोनी
चकराता रोड, देहरादून-248001
ई-मेल पता- smokribhcoddn@yahoo.co.in
फोन न. 0135-253929

# लक्ष्मण ने सूर्पनखा की काटी नाक, रावण मारीच संवाद का मंचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के आठवें दिन लीला का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा एवं गुरुद्वारा सिंह सभा रुद्रपुर के पूर्व अध्यक्ष स. जसविंदर सिंह खरबन्दा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक शिव अरोरा ने मर्शदा पुरूषोत्तम भगवान श्री रामलीला मंचन की सराहना करते हुए कहा कि बरसों बरसों से हम रामलीला का मंचन देखते हुए आ रहे हैं, हर वर्ष हम रामलीला का मंचन इसलिए देखते हैं कि हमारी संस्कृति और विरासत हम अपने आने वाली पीढ़ी को बता सकें और ये हमारी परम्पराएँ ऐसी ही आगे साल दर साल चलती रहें, उन्होने विधायक निधि से मंच के सौंदर्यीकरण करने की घोषणा की और श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन हेतु बधाई प्रेषित की । स.जसविंदर सिंह खरबन्दा ने प्रभु श्री रामलीला मंचन देखने आए हुए सभी भक्तों का धन्यवाद किया और प्रभु श्री राम जी के आदर्शों पर चलने का आहवान किया, उन्होने कहा कि प्रभु श्री रामलीला का मंचन बहुत भव्य हो रहा है ओर वर्ष दर वर्ष ये और भी भव्यता ग्रहण कर रहा है ।श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा विधायक शिव अरोरा एवं स. जसविंदर सिंह खरबंदा को को पटका पहनाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया,उनको स्मृति चिन्ह भेंटकर विदा किया गया । रामलीला के मंचन में सूर्पनखा नकटी, खर दूषण वध ,रावण दरबार एवं रावण मारीच संवाद तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें स्वरूपनखा भूमिका गर्व गुलाटी, राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रवि कक्कड़, सीता नैतिक तनेजा, खर विजय परुथी, दूषण बिट्टू अरोरा, रावण अंशुल गुलाटी, मंत्री भारत हुड़िया,कृष गावड़ी एवं मारीच की भूमिका नरेश घई ने निभाई, मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महामंत्री राज कुमार भुसरी, राकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष बबलू घई,जॉली कक्कड़, उपाध्यक्ष अवतार सिंह खुराना, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, निर्देशक जीतू गुलाटी, सन्नी घई, मीडिया प्रभारी अरुण अरोरा,प्रवीण बत्रा, राजीव झाम, राजदीप बठला, राजीव भसीन, विशान्त भसीन आदि उपस्थित थे।







# लक्ष्मण ने काट दी सूर्पनखा की नासिका, खर दूषण का हुआ वध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में दिन लीला में अगस्त मुनि आगमन, पंचवटी, सूर्पनखा नासिका छेदन, खर दूषण वध की लीला का मंचन व्यासजी पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा तथा रात्रि लीला में पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ तथा राम विवाह की लीला मंचन रात्रि लीला के व्यास पंडित जानकी दास द्वारा कराया गया। वन गमन के मध्य दंडक वन में प्रभु श्री राम जी की मुलाकात गिद्धराज जटायु से होती है। सभी मुनियों द्वारा प्रभु राम से प्रार्थना की जाती है कि हे प्रभो एक परम मनोहर और पवित्र स्थान है, उसका नाम पंचवटी है। आप दण्डक वन को (जहाँ पंचवटी है) पवित्र कीजिए और श्रेष्ठ मुनि गौतमजी के कठोर शाप को हर लीजिए। भगवान श्री राम मुनियों की प्रार्थना सुन कर माता सीता तथा लखनलाल जी पंचवटी में निवास करते





हैं। पंचावती में रावण की बहन सूर्पनखा भगवान के रूप को देख कर मोहित हो उठती है और विवाह करने की इच्छा जाहिर करती है। प्रभु राम कहते हैं देवी मैं पत्नीव्रता विवाहित पुरुष हूं। आप मेरे छोटे भाई लक्ष्मण से विवाह की बात कर लीजिए। इस पर कुपित हो कर सूर्पनखा सीता माता पर झपटती है, जिस पर लक्ष्मण जी द्वारा सूर्पनखा की नासिका छेदन कर दिया जाता है। सूर्पनखा रोते हुए खर दूषण के पास पहुंचती है और वे क्रोधित हो कर प्रभु श्री राम से युद्ध करने आते हैं और मारे जाते हैं। लीला मंचन में अतिथि हाई कोर्ट नैनीताल के न्यायाधीश आलोक कुमार वर्मा, एडवोकेट पियूष गर्ग, राकेश अग्रवाल, मनोहर केसरवानी, आईएमए से अध्यक्ष डा उपेंद्र ओली, सचिव डा प्रदीप पांडे, रजत गर्ग, सुशील पप्पी, कृष्णानंद चौबे नरेंद्र साहनी आदि रहे।रामलीला संचालन समिति से रिसीवर एबी बाजपेई, भोलानाथ केसरवानी, सौरभ अग्रवाल, पंकज कपूर, विनीत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, योगेश शर्मा तथा प्रदीप जनौटी ने अतिथियों का पटका पहना कर स्वागत किया। आज रामलीला मैदान में खर दूषण के पुतले का दहन किया गया। दिन लीला में संचालन समिति सदस्य अमित जोशी तथा नब्बू भाई, रोहित ठाकुर, सुशील शर्मा रहित ठाकुर, महेश राजा आदि ने पंचवटी की झांकी का सुंदर व भव्य निर्माण कराया।केसरवानी महिला समिति द्वारा तिलक चंदन लगा कर श्रृद्धालुओं का स्वागत किया गया। व्यास मंच पर व्यास जी के साथ पंडित रीतेश जोशी तथा पंडित प्रमोद भट्ट ने संगत दी।

# 77वें समागम की सेवाओं का विधिवत शुभारंभ

## सेवा को भेदभाव की दृष्टि से न देखकर निष्काम भाव से करे: माता सुदीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संत निरंकारी मिशन के लाखों भक्त इस वर्ष भी 16, 17 और 18 नवंबर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा, हरियाणा में होने वाले 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में पहुँचकर मानवता के महाकुम्भ का एक बार फिर से नजारा सजाने जा रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले ये भक्त जहाँ सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और सत्कारयोग निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन दर्शन करके स्वयं को कृतार्थ अनुभव करेंगे। संत समागम की भूमि को समागम के लिए तैयार करने की सेवा का शुभारम्भ सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता जी के कर कमलों द्वारा किया गया। विशाल समागम स्थल पर लाखों संतों के रहने, खाने-पीने, स्वास्थ्य और आने जाने के साथ साथ अन्य कई प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती है। विशाल सत्संग को संबोधित करते हुए सतगुरु माता



जी ने कहा कि सेवा करते समय सेवा को भेदभाव की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए अपितु सदैव निरिच्छत, निष्काम भाव से ही की जानी चाहिए। सेवा तभी वरदान साबित होती है जब उसमें कोई किंतु, परंतु नहीं होता, उसकी कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिए कि समागम के दौरान तथा समागम के समाप्त होने तक ही सेवा करनी है, बल्कि अगले समागम तक भी सेवा बरकरार रहना चाहिए। यह तो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। सेवा सदैव सेवा भाव से युक्त होकर ही करनी चाहिए फिर चाहे हम शारीरिक रूप से अक्षम हो या असमर्थ हो सेवा परवान होती है क्योंकि वह सेवा भावना से युक्त होती है।

# महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली

काशीपुर(उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन जयंती पर मौहल्ला किला से रामलीला मैदान तक रविवार सायं कुमाऊं वैश्य महासभा के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में रथ पर शोभायमान मूर्ति स्वरूप वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी के अतिरिक्त देवी लक्ष्मी जी, हनुमान जी, मां काली जी, गुरु जम्भेश्वर महाराज, अर्जुन को कुरुक्षेत्र में धर्म युद्ध का उपदेश देते हुए श्री कृष्ण जी की झांकी समेत अन्य सुंदर व मनोहारी झांकियां श्रृद्धालु दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहीं। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी तादाद में गणमान्य मौजूद रहे।



# बंगाली कालोनी में मां दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

रूद्रपुर। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा महोत्सव आगामी 9 अक्तूबर से प्रारंभ होगा। जिसके लिए आयोजन कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में दिन रात जुटे हुए हैं।यह जानकारी देते हुए श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा कमेटी ने बताया कि मां देवी जी का पालकी में आगमन होने के साथ ही 5 अक्तूबर दिन मंगलवार को 6:30 बजे से महा पंचमी बोधन पूजा होगी। 9 अक्तूबर दिन बुधवार को महाषष्ठी पूजा होगी। जिसमे षष्ठी प्रात: 7:32 बजे तक देवी जी की षष्ठीयादी कल्पारम्भ तथा षष्ठी विहित पूजा, पुष्पांजलि प्रात: 10:30 बजे से। सायंकाल उद्धघाटन समारोह एवं आगोमोनी संगीत अनुष्ठान बाऊल गान भोला सम्प्रदाय शक्तिफार्म द्वारा होगा। 10 अक्तूबर दिन बृहस्पतिवार को महासप्तमी पूजा प्रात: 7:25 तक एवं महाअष्ठमी पूजा प्रात: 7:25 से 11अक्तूबर को प्रात:6:48 बजे तक, पुष्पांजलि प्रात: 10:30 बजे से, सायंकाल बांग्ला नाटक मृत्यूर चोखे जोल रूद्रपुर द्वारा होगा। उन्होंने बताया कि महानवमी पूजा 11अक्तूबर को प्रात: 6:24 बजे से सन्धि पूजा प्रारंभ, प्रात: 6:48 बजे बलिदान, प्रात: 7:12 बजे सन्धि पूजा समापन, प्रात: 7:12 बजे से पूर्वान्ह 10:15 बजे तक देवी जी की महानवमी विहित पूजा एवं हवन यज्ञ, पुष्पांजलि प्रात: 10:30 बजे से सायंकाल रंगारंग सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि महादशमी पूजा 12 अक्तूबर दिन शनिवार को दशमी शेष रात्रि प्रात: 4:14 बजे तक, जिसके पश्चात 10:10 बजे तक देवी जी की दशमी विहित पूजा, दर्पण विसर्जन (दशहरा) देवी जी का घटक (घोड़ा) जी से गमन तथा पुष्पांजलि प्रात: 10:30 बजे से होगी। सायंकाल रंगारंग कार्यक्रम ओम शांति हरि ग्रुप दिनेशपुर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों में पूजा कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, उपाध्यक्ष कौशिक पाल, पवित्र राय, संजय ढाली, अनुज हालदार, प्रताप बाला, प्रशांत विश्वास,शिवा वैद्य, सचिव सूरज राय, उप सचिव राजेश मिस्त्री, कोषाध्यक्ष सुजीत मित्र, आडीटर असीम गुहा, सूचना प्रभारी सरोज राय, वोलेंटियर अध्यक्ष अमित हालदार, कार्यक्रम संयोजक संजीत मिस्त्री आदि जुटे हुए हैं।

# मां मनसा देवी की शोभायात्रा 10 अक्टूबर को

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक मां मनसा देवी जी की 52वीं शोभायात्रा आगामी 10 अक्टूबर को पूर्ण सज धज के साथ निकाली जाएगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता से बड़ी तादात में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। शोभायात्रा आगामी 10 अक्टूबर को दोपहर 02 बजे मौहल्ला लाहौरियान स्थित मां मनसा देवी मंदिर से विगत वर्षों की भांति अत्यंत धूमधाम से निकाली जायेगी, जिसमें हनुमानगढ़ी अयोध्या के पूज्य महंत श्री राजू दास जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। बताया गया कि भव्य एवं विशाल शोभायात्रा में देश के कई राज्यों से धार्मिक झांकियां एवं राष्ट्रीय प्रतीक को दर्शाती हुई झांकियां श्रद्धालुओं के लिए बनाई जा रही हैं।

**पावन शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में**

**माता की चौकी**

**आज दिनांक 7 अक्टूबर दिन सोमवार शाम 7 बजे से**
**स्थान- श्री नीलकंठ धाम मंदिर, शैलजा फार्म, रूद्रपुर**

कृपया सभी भक्त समय से पहुंचकर इस इस विशेष दिन को
यादगार बनायें और मईया और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें'

**संपर्क सूत्र-897545454,8272020006,9456384151**

# महिला सुरक्षा टीम ने 40 विद्यालयों की छात्राओं से लिए सुझाव

## नगर में संचालित सभी ऑटो में होगा महिला हेल्पलाइन नंबर, ड्रेसकोड भी तैयार किया जा रहा, पुलिस करेगी गश्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिला सुरक्षा एवं भयमुक्त वातावरण बनाए जाने हेतु नैनीताल जिले में अभिनव पहल शुरू की गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए थे।इस संबंध में नैनीताल जिले में एक अभिनव पहल करते हुए महिला सुरक्षा मॉडल तैयार करने के निर्देश जिला प्रशासन नैनीताल को दिए गए। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी वंदना द्वारा एक कार्ययोजना तैयार करते हुए महिला अधिकारियों को शामिल करते हुए,अपर निदेशक सेवायोजन ऋचा सिंह की अध्यक्षता में बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा प्रथम चरण में हल्द्वानी नगर क्षेत्रान्तर्गत 40 विद्यालयों में 45 कार्यशालाओं का आयोजन कर




बालिकाओं से महिला सुरक्षा के संबंध में चर्चा करते हुए उनसे सुझाव लिए गए। टीम की नोडल अधिकारी अपर निदेशक सेवायोजन ऋचा सिंह ने अवगत कराया कि इन कार्यशालाओं में विद्यालय की छात्राओं ने बताया कि उन्हें अक्सर अनेक स्थानों में विभिन्न प्रकार से भय जैसा वातावरण महसूस होता है। जिसमें अंधेरे के समय नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट टाईट न होने के कारण, खाली खुली भूमि में जहाँ पर अधिक संख्या में भीड़/अराजक तत्व एकत्रित होते हैं ऐसे स्थानों से गुजरने पर, विद्यालय को जाते व आते समय तेज रफ्तार में बाइकर्स का लगातार आने जाने से, ओटो से सायं व रात्रि के समय यात्रा के दौरान चालकों का परिचय पत्र व अन्य जानकारी न होने के साथ ही विभिन्न ठेलों के समीप नशे में एकत्रित लोगों से भय महसूस होता है।इस प्रकार की बातें इन कार्यशालाओं में बालिकाओं द्वारा समिति के सदस्यों को बताई। सभी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिले में एक कार्ययोजना तैयार करते हुए विभागों को जिम्मेदारी सौपी गई। जिसके अंतर्गत उरेडा तथा शहरी विकास विभाग द्वारा नगर के ऐसे क्षेत्र जहाँ पर अंधेरा रहता है, उन स्थानों में स्ट्रीट लाईट लगाई गई। इसके अतिरिक्त नगर में जिन-जिन स्थानों में खाली भूमि पड़ी है,उनमें निजी भूमि में संबंधित भूमि स्वामी द्वारा तथा सरकारी भूमि में संबंधित विभाग द्वारा घेड़बाड़ का कार्य किया गया जो जारी है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा नगर के विभिन्न ठेलों व ढाबों आदि क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की बिक्री आदि पर रोकथाम के साथ ही चालान की कार्यवाही की गई। नगर में संचालित सभी ऑटो में महिला हेल्पलाइन नंबर व अन्य जानकारी अंकित करने के साथ ही प्रत्येक ऑटो चालक का एक ड्रेसकोड भी तैयार किया जा रहा है। उक्त व्यवस्था नवंबर से लागू होगी। पुलिस विभाग द्वारा विद्यालयों में प्रात:काल प्रवेश व छुट्टी के समय सादी वर्दी में चैकिंग अभियान के साथ ही रात्रि में पुलिस महिला गश्त को भी बढ़ा दिया गया है।

# रामभक्त ले चला रे...राम की निशानी

## राम भरत मिलाप एवं खड़ाऊ लेकर वापस अयोध्या को रवाना होने के दृश्यों का हुआ सुंदर मंचन









रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख बस अड्डे वाली रामलीला में रविवार को अयोध्या के दूत द्वारा भरत एवं शत्रुघन को उनकी ननिहाल से बुला लाने, अयोध्या में हर किसी को शोक संतप्त देखनें, माता कैकई द्वारा राजपाट मिलनें, पिता दशरथ की मृत्यु एवं राम को वनवास मिलनें की खबर से विचलित होकर माता कैकयी को बुरे वचन कहना, राम से मिलनें वनों को जाना, राम भरत मिलाप एवं खड़ाउं लेकर वापस अयोध्या को रवाना होनें के शाल ओढ़ाकर एवं श्री राम दरबार जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। प्रथम दृश्य में अयोध्या का दूत भरत-शत्रुघन के ननिहाल पहुंचता है और उन्हें वापस अयोध्या लिवा लाता है। अयोध्या पहुंचकर भरत को हर तरफ गम के बादल छाये हुये मिलते हैं। वह माता कैकयी के पास पहुंचते हैं तो कैकयी उन्हें राजपाट मिलनें की बधाई देती है, लेकिन भरत पिता दशरथ से न मिल पानें के लिये आतुर हैं। भरत को राम भी महलों में दिखायी नहीं देते तो वह आंखें लगातार बरस रही थीं। कैकई जब सब कह चुकीं तब भरत की तन्द्रा टूटी। कुछ पल तक माता का चेहरा निहारते रहने के बाद बोले- 'रे नीच! अभागन! इतना बड़ा पाप करने के बाद भी जी रही है, तुझे अपने जीवन पर लज्जा नहीं आती? मुझ निर्दोष को समस्त संसार के लिए अछूत बना देने वाली दुष्टा! जी करता है तेरा गला दबा कर मार दूं तुम्हें'रोते भरत के दोनों हाथ कैकई के गले तक पहुंचते, तब तक शत्रुघन ने उनके दोनों हाथों को थाम लिया। भरत हमारी ओर बढ़ रहा है। तभी राम मुस्कुराते हुए कहते हैं ठहर जाओ। अनुज यूंभरत को आने तो दो। भरत राम के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगते हैं। दोनों की आंखों से अश्रुओं की धारा बहनें लगती है। उसके बाद भरत पिता के बारे में राम से कहते हैं कि अब हमारे बीच पिता श्री नहीं रहे यह शब्द सुनकर श्री राम और सीता लक्ष्मण व्याकुल हो शोकाकुल हो जाते है। राम को अपने साथ ले जाने के लिए भरत मिन्नतें करते हैं। मगर श्री राम कहते हैं शत्रुघ्न. अवियुक्त छाबड़ा, सीताजी- दीपक अग्रवाल, गणेश भगवान- आशीष ग्रोवर आशू, भरत के मामाजी- अनिल तनेजा, सुमन्त- सचिन आनन्द, केकई- नरेश छाबड़ा, कैकई- सुमित आनन्द, सुमित्रा का किरदार हर्श नरूला नें निभाया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा एवं संदीप धीर नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक विधायक तिलक राज बेहड़, अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, मनोज गाबा, पुनीत छाबड़ा, बीना बेहड, नीलम अरोरा, कृतिका बांबा, साक्षी छाबड़ा, पूर्वा बेहड, रघुवीर अरोरा, संदीप धीर, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आषीश ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृश्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर,





दृश्यों का सुंदर मंचन हुआ। दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि क्षेत्र में अपने सरल सहज स्वभाव, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के साथ ही रियल इस्टेट क्षेत्र में साफ सुथरी व अच्छी पहचान बनाने वाले गाबा परिवार नें किया। श्री रामलीला कमेटी नें गाबा परिवार के मोहन लाल गाबा, श्रीमति रमेश कान्ता, सुशील गाबा, शीतल गाबा, खुशी गाबा एवं आयुष्मान सुशील गाबा द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक सस्थाओं को निरंतर सहयोग के लिये हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये माल्यार्पण कर, कैकयी से इसका कारण पूछतें हैं। कैकयी टालमटोल करती है, लेकिन भरत के जिद करनें पर वह बताती है कि उसनें राजा दशरथ से भरत के लिये राजपाट और राम के लिये वनबास मांगा है। इसी गम में राजा दशरथ स्वर्ग सिधार गये और राम वनों को चले गये। भरत सिर पकड़ लेता है। भरत कैकई को एकटक निहारते रह गए, जैसे उनकी वाणी चली गई हो। कैकई ने प्रसन्न भाव से अपनी समूची योजना और महल में घटी घटनाओं को विस्तार से बताया। भरत कुछ नहीं बोल रहे थे, बस उनकी पिता का अंतिम संस्कार करके तीनों रानियों, मंत्रियों सेना एवं प्रजा के साथ वनों को दौड़ जाते हैं। जैसे ही चक्रवर्ती सेना और भरत को आते देखा। आग बबूला होकर राम के पास आते हैं और कहते हैं कि भरत बड़ी सेना के साथ कि पिता के दिए हुए वचन का मर्यादा नहीं टूटे। भरत ने श्री राम के चरण पादुका को अपने सर पर उठाकर आंखों में अश्रु के साथ वहां से विदा होते हैं। लीला में राम- मनोज अरोरा, भरत- पुलकित बांबा, लक्ष्मण- गौरव जग्गा, समन्वयक नरेश षर्मा, विजय जग्गा, बंटी बांबा, पिंकू कपूर, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला , आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा, अमित वर्मा, कपिष सुखीजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, सनी आहूजा, सनी कोहली, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, आयुश धमीजा, नीतिश धीर, मोहन अरोरा, हर्ष अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरूराज बेहड़, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुश्मान सुशील गाबा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, दिव्यांश गोयल, कनव गंभीर, आदि उपस्थित थे।

### गावा की अयोध्या पैदल यात्रा को बताया ऐतिहासिक

रूद्रपुर। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल नें अपने संबोधन में श्रीराम मंदिर पुर्न प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रामलीला में श्री हनुमान जी का किरदार निभाने वाले गाबा परिवार के नौजवान रामभक्त सुशील गाबा द्वारा रूद्रपुर से अयोध्या धाम तक 475 किलोमीटर तक पैदल पदयात्रा करनें को रामभक्ति का एक ऐसा उदहारण बताया जो रूद्रपुर के इतिहास में हमेशा के लिये स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है। उन्होंने श्री गावा को शुभकामनायें देते हुए पदयात्रा की सराहना की।

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय पावन नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर श्री दुर्गा मंदिर में माता के अर्द्धरात्रि जागरण में भजन गायक कलाकारों ने मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। जागरण का शुभारम्भ पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमान राज रानी गांधी, लुकेश गांधी, अंजू गांधी, विजय गांधी, ज्योति गांधी, पवपन गांधी, निधि गांधी, यश गांधी, रिचा गांधी, रिमझिम गांधी, उपवन आदि से मां की पूजा अर्चना कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार अमित अरोरा ने गुरू वंदना, गणेश वंदना गाकर भवन में फूलों की वर्षा करवाई। काशीपुर से आये भजन गायक महंत गुलजार सिंह एवं रूद्रपुर के राकेश चिलाना ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे, लाल लाल चुनरी सितारों वाली, जिसे ओढ़ कर आई मां शेरां वाली, इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो न, आन पधारो आन पधारो मैया आज तेरा जगराता, मां मैं तेरे बिन रह नहीं सकती मां मेंनू तेरी आदत पै गई ऐ, आओ मात जी तेरा मंदिर सजाया है, घर में ज्योत जलाकर आपको घर में बुलाया है, ऊंचे ऊंचे मंदिरों वाली तेरा गूंजे जय जयकार,मेला मैया दा आंवदा है हर साल, लौकी नचदे ने खुशियां नाल, अज रौनकां हैं तेरे करके, अज मखना दे पेड़े तेरे करके आदि भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को भक्ति में मग्न कर दिया। अंत में प्रातः आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हरीश धीर, रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरूशरण बब्बर, किशनलाल नारंग, पवन गाबा, राजेश पोंपली,अनिल ईश्पुजानी, नीलम ईश्पुजानी, सुश्री दीक्षित, जुगनू, राजीव मदान, इन्द्रजीत अरोरा, योगेश साहनी, हरीश अरोरा, कमल, चेतन धींगरा, सुनील ठुकराल, सुरेन्द्र रज्जी, नितिन अरोरा, यश तनेजा, अलका तनेजा, सोनिया अरोरा, पूनम नागपाल, मोहित अरोरा, दिनेश गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रदीप मदान, श्याम लाल मदान, गुलशन गोयल, ब्रजभूषण ठक्कर, किशन मुरारी धीर, संजय कोहली, वेद ठुकराल, सुमन मदान, रानी अरोरा, वर्षा, राधा रानी, विद्या विरमानी, राजरानी, अंजू ठक्कर, ज्योति नारंग, रक्षा अरोरा, संतोष कक्कड़, आस्था नागपाल, रिक्कल बांगा, किरन धीर,बबीता ठुकराल, कोनिका धीर, नीलम अरोरा, नीतू अरोरा, आशा गाबा, कमल चिलाना, दीपक अरोरा, अमन घीक, अशोक आनन्द, शिखा, सिम्मी साहनी, सावित्री गुप्ता, मंजू बब्बर आदि मौजूद थे।







# जमीनों की अवैध खरीद फरोख्त पर होगी सख्त कार्रवाई: मुख्य सचिव





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बीते दिवस रूद्रपुर पहुंचकर मुख्य सचिव ने वेंडिगं जोन, पहाड़गंज के पूर्व ट्रचिंग ग्राउण्ड व निर्माणाधीन सर्किट हाउस का स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पहाड़गंज से कूड़ा हटाने व राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाये गये रेड़ी–ठेलियों को उनके जीवकोपार्जन के लिए बनाये जा रहे वेंडिगं जोन पर जिला प्रशासन की सराहना की व कूड़ा निस्तारण के कार्यों का पूरे प्रदेश के नगर निकायों में अनुसरण किया जायेगा। उन्होने कहा कि जनपद में प्रशासन द्वारा अवैध भूमि कब्जों को हटाकर भूमि को राज्य सरकार में अधिकार क्षेत्र में लेने का ऐतिहासिक काम किया है, इसके लिए उन्होने जिला व पुलिस प्रशासन को बधाई दी। उन्होने पहाड़गंज में पूर्व ट्रचिंग ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण कर पौधा रोपण किया।मुख्य सचिव ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सख्त भू–कानून बनाया जा रहा है, जिसमें अधिकारियों व आमजन की राय ली जा रही है। उन्होने कहा कि सशक्त भू–कानून बनाया जायेगा, जिसमें प्रदेश के निवासियों के साथ किसी भी प्रकार का न्याय नही होने दिया जायेगा, साथ ही कहा कि अवैध रूप से जमीन–खरीद फरोख्त पर जांच कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी बाहरी व्यक्ति जमीन पर कब्जा न कर सके इसका विशेष ध्यान दिया जाये, उन्होने अधिकारियों से भू–कानून सम्बन्धित सुझाव भी दिये। मुख्य सचिव ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए महिलाओं एवं बच्चों पर होने वाले अपराधों पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने व स्लम बस्तियों में होने वाले अपराधों को रोकने के लिए भी विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होने बाल विवाह, घरेलु हिंसा पर भी विशेष नजर रखते हुए पूर्णतः रोकने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बाल विवाह व घरेलु हिंसा रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाये व कार्उसिलिंग भी की जाये। उन्होने कहा कि पुलिस थानों में आने वाले पीड़ितों को गम्भीरतापूर्वक सुना जाये व उनके नजरिये से देखते हुए उनकी सहायता की जाये साथ ही उनके कौशल विकास कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाये ताकि वे भविष्य में अपने पांव पर खडे हो सके। उन्होने गर्भवती माताओं–शिशुओं की नियमित जांच व टीकाकरण किया जाये व गर्भवती माताओं की होने वाली मृत्यु का डेथ ऑडिट अनिवार्य रूप से कराये जाये।जिलाधिकारी उदय राज सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने मुख्य सचिव को जनपद में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि जिला योजना में 7420.10 लाख के सापेक्ष वर्तमान तक 4247.51 लाख रूपये व्यय कर दिया गया है। जनपद बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रदेश में गतवर्ष से लगातार पहले पायदान पर है, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 7485 स्वीकृत लक्ष्यों के सापेक्ष 7214 आवास पूर्ण कर लिये गये है। रूद्रपुर व काशीपुर महानगरों में यूरोपियन बैंक की मदद से 900 करोड़ की पेयजल परियोजनाऐं स्वीकृत है। खटीमा में 3 हेक्टेयर में गौसदन बनाया जा रहा है, जिसकी क्षमता 2000 गौवंश है। उन्होने कहा कि सितारगंज क्षेत्र में गोट वैली योजना के अन्तर्गत अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जनपद में ग्रीष्मकालीन धान को रोकने हेतु उनके विकल्प के रूप में मक्का व गन्ना उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है इस हेतु विभिन्न किसान संगठनों से 6 बैठकें आयोजित कर ली गई है। सरकारी लीज वाली भूमि पर ग्रीष्मकालीन धान प्रतिबंधित कर दिया गया है। बैठक में मण्डलायुक्त दीपक रावत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकान्त मिश्र, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विवेक राय, डीएफओ यूसी तिवारी, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट,ओसी गौरव पाण्डे,उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योम जैन सहित अनेक अधिकारी थे।

## कीर्तन में श्याम बाबा और मां भगवती का हुआ गुणगान



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नवरात्र एवं महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित शिव नारायण गोपी राम राईस मिल में कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक अमन सांवरिया और पंड़ित सुनील शास्त्री ने सुंदर भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कीर्तन में देर रात तक भजनों के माध्यम से श्याम बाबा और मां भगवती का गुणगान किया गया। कीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने सभी के लिए खुशहाली की कामना की। शिव नारायण गोपी राम राईस मिल के स्वामी गोपी राम अग्रवाल सहित उनके परिवारजनों ने पूर्व विधायक ठुकराल का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर गोपीराम अग्रवाल, सचिन अग्रवाल (मोनू),आस्था अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, महेश अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, पवन अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मानवी, सिद्धांत, अद्रित, संजय ठुकराल, अंकित चंद्रा, ललित बिष्ट, अरुण अग्रवाल, रोहित मित्तल, वैभव मित्तल, पी डी अग्रवाल, संजय ठुकराल, ललित बिष्ट, बंटी कोली आदि भी रहे।

## रेनबो के छात्र–छात्राओं ने किया किसान मेले का दौरा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के नवी कक्षा के छात्रों को पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेले का भ्रमण कराया गया। उन्होंने कृषि बागवानी, मत्स्य पालन, प्रौद्योगिकी और पशु चिकित्सा विभागों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न नवीन मॉडलों को देखा ।छात्र नवीनतम कृषि तकनीकों और आधुनिक उपकरणों से आश्चर्यचकित थे जो खेती के परिदृ श्य को बदल रहे हैं। उन्नत सिंचाई प्रणालियों से लेकर पर्यावरण अनुकूल कीट नियंत्रण तक उन्होंने पता लगाया कि कैसे प्रौद्योगिकी कृषि में उत्पादकता और स्थिरता को बढ़ा रही है। छात्र प्रेरित होकर लौटे और जो कुछ उन्होंने सीखा उसे अपने भविष्य के प्रयासों में लागू करने के लिए उत्सुकता दिखाई। इस अवसर पर बच्चो की खुशी को देखते हुए विधालय के प्रबंधक श्री संजीव मालिक और श्रीमती गीतांजलि मालिक ने बच्चों को भविष्य में भी ऐसी ज्ञान वर्धक और रोचक यात्राओं के आयोजन का आश्वासन दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने भी छात्रों से इस यात्रा के बारे में पूरी जानकारी ली और इस यात्रा के बारे में उनके विचार जाने। इस भ्रमण में छात्र व छात्राओं के साथ विधालय के अध्यापक व अध्यापिकाएं गजेंद्र सिंह रावत,राजेश बिष्ट, नैना अरोरा, सुरेंदर सिंह, युगल किशोर व पूजा ग्रोवर शामिल थे।

## रामलीला में भरत मिलाप का हुआ भावपूर्ण मंचन

गदरपुर। अनाज मंडी में चल रही श्री राम लीला में भरत मिलाप और सूर्पनखा का मायाजाल देखने के लिए हजारों श्रद्धालुपहुंचे। लीला में सबसे पहले





मार्मिक दृश्य भरत मिलाप को दिखाया गया जिसने दर्शकों को भावुक किया भरत की भूमिका निभा रहे सागर कालड़ा, श्रीराम की भूमिका में रोहित पोपली, लक्ष्मण की भूमिका में कशिश खुराना, सीता जी की भूमिका में गुलशन शर्मा, शत्रुघ्न की भूमिका में शौर्य भुड्डी ने दृष्य को कलाकारी से बहुत ही सुंदर बनाया। तत्पश्चात् स्वरूपनखां के माया जाल में स्वरूपनखा की भूमिका निभा रहे आलोक गाबा ने सुंदर नृत्य कर दृश्य में प्रवेश किया और लक्ष्मण और सूर्पनखा के संवाद में लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे कशिश खुराना को लोगों ने खूब सराहा इसके पश्चात स्वरूपनाखा का नाक काटा जाना, खर दूषण वध, जैसे सुंदर दृश्य दिखाए गए जिसमे कलाकारों को डायरेक्टर अशोक पोपली, अशोक सुधा, राजू भुड्डी, जगदीश भुड्डी, सुभाष खुराना, सिद्धार्थ भुसरी द्वारा निर्देश दिए गए। श्री रामलीला देखने पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं का भी रविंद्र बजाज ने आभार प्रकट किया। इस दौरान बंगाली प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी को भी स्टेज पर बुलाकर सम्मानित किया गया सुभाष व्यापारी ने श्री राम के आदर्शों पर चलने की बात कही और रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त किया रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज द्वारा बड़ी श्रद्धा और लगन के साथ रामलीला का मंचन करवाया जा रहाहै इस दौरान मंच संचालन सोमनाथ छाबड़ा द्वारा किया गया।

## व्यापारियों ने किया नवनियुक्त कोतवाल राजेश यादव का स्वागत

हल्द्वानी।देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्ढा एवं महानगर अध्यक्ष गोविंद बगडवाल के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त कोतवाल राजेश यादव का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर व्यापारी नेताओं ने दशहरा व दीपावली त्योहार के दौरान बाजार क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था चौकस



रखने की मांग की, ताकि त्योहारों में असामाजिक तत्व किसी भी तरह महिलाओं के साथ छीना झपटी व अभद्रता ना कर सके। इस दौरान नगर महामंत्री राजीव जायसवाल,बीप्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश घींगडा, जगमीत मीती, जसविंदर भसीन , राजेंद्र बमेठा, प्रेम चौधरी , मनीष वर्मा अनवरूला सिद्दीकी , मोइन बाबा, अनुज देवल, जसपाल मालदार, हीरालाल साहू आदि थे।

## बजरंग दल के हरचरण प्रदेश मंत्री और शिवशंकर जिला प्रमुख नियुक्त



गदरपुर। वरिष्ठ समाजसेवी हरचरण सिंह चन्ना ,शिवशंकर चावला का भारतीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सती मठ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष डा आर के महाजन ने बताया कि केंद्रीय टोली से विचार विमर्श कर हरचरण सिंह को प्रदेश मंत्री शिवशंकर चावला को जिला प्रमुख विधि प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। दोनो पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.पुष्पेंद्र कश्यप एवं संचालन नगर अध्यक्ष सचिन बटला ने किया। इस अवसर पर डा आर के महाजन ,डा पुष्पेंद्र कश्यप,सचिन बटला, विक्रम सैनी, जयप्रकाश चंद्रा,राजकुमार नैय्यर, सुभाष वाधवा,राहुल कश्यप,रंजीत सैनी, मुकेश फौगाट,चिंटू कश्यप,मोतीराम सैनी, तेजरतन,अनिल ठाकुर आदि थे।

## हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि सिडकुल फैक्ट्री में ड्यूटी कर स्कूटी पर सवार होकर घर वापस लौट रहे युवक को दिनेशपुर मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक चेसिस ने टक्कर मार कर रौंद दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद रोषित लोगों ने चेसिस में तोड़फांड़ कर दी। जानकारी के अनुसार मूलरूप से ताड़ीखेत रानीखेत निवासी 25 वर्षीय वीरेंन्द्र सिंह गोस्वामी पुत्र मदन गिरी गोस्वामी सिडकुल में काम करता था और दिनेशपुर में किराये के कमरे में रहता था। बताया जाता है कि गत रात्रि वह ड्यूटी कर चंडीपुर निवासी दोस्त भानु की स्कूटी से घर वापस लौट रहा था। मार्ग में अशोका लीलेंड के पास विपरीत दिशा आ रहे ट्रक चेसिस के अज्ञात चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे वीरेन्द्र चेसिस में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पतालअस्पताल पहुंचाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर रोषित लोगों ने हंगामा करते हुए चेसिस में तोड़फोड़ कर दी। मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। दो तीन दिन पहले ही उसके पिता की आंखों का आपरेशन हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पत्रकारों का अधिकार

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी पत्रकारिता कर रहे लोगों के लिए सुकूनदेह हो सकती है कि सरकार की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। हालांकि देखने की बात है कि सरकारें इस बात को कहां तक स्वीकार कर पाती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के एक पत्रकार के खिलाफ दायर मुकदमे की सुनवाई करते हुए की। इस संबंध में अदालत ने संविधान के अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े अनुच्छेद की याद भी दिलाई और पत्रकार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया।दरअसल सरकारों को अपनी आलोचना कभी रास नहीं आती, मगर पिछले कुछ वर्षों में सरकारें इसे लेकर प्रकट रूप में सख्त नजर आने लगी हैं। सरकार के खिलाफ अखबारों में खबरें, लेख या कोई वैचारिक टिप्पणी करने पर कई पत्रकारों को प्रताड़ित करने की घटनाएं देखी गई हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर गैरकानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज किए गए, जिसमें जमानत मिलनी मुश्किल होती है। इस धारा के तहत कई पत्रकार अब भी सलाखों के पीछे हैं। कुछ मामलों में पहले भी सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि सरकार की आलोचना देशद्रोह नहीं माना जा सकता। मगर किसी सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया।कुछ राज्यों में ऐसे भी उदाहरण हैं, जब सरकार की किसी नीति या फैसले की आलोचना करने पर पत्रकारों को पकड़ कर थाने में बंद किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। दरअसल, इस तरह की कोशिशें सच्चाई को सामने लाने से रोकने के लिए की जाती हैं। जबकि स्वस्थ लोकतंत्र का तकाजा है कि पत्रकारीय आलोचना को प्रोत्साहित किया जाए। इससे सरकारों को अपनी नीतियों के निर्धारण, योजनाओं के संचालन आदि में सुधार करने का अवसर मिलता है। आलोचना को रोक कर गलत नीतियों को चलाते रहना एक तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास ही होता है। हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता। किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है। पत्रकारिता यही करती है। वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। किसी देश की पत्रकारिता कितनी स्वतंत्र है और कितने साहस के साथ अपने सत्ता प्रतिष्ठान की आलोचना कर पा रही है, इससे उस देश की खुशहाली का भी पता चलता है। यह अकारण नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में विश्व खुशहाली सूचकांक में भारत निरंतर नीचे खिसकता गया है। इसलिए कि खुशहाली नापने के पैमाने में एक बिंदु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी होता है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि कोई देश अपनी आर्थिक तरक्की का तूमार तो खूब बांध ले, पर खुशहाली के मानकों पर गरीब कहे जाने वाले देशों से भी पीछे नजर आए। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी।

# शक्ति स्वरूपा है मां जगदम्बा : हरि चैतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित



विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देवी जगत की उत्पत्ति के समय ब्रह्मसूत्र और जगत की स्थिति में हरि रूप धारण कर लेती है तथा संहार के समय रूद्र मूर्ति बन जाती है । वह देव और मानव जाति के रक्षार्थ युद्ध करते हुए शत्रुओं का संहार करती है। उन्होंने कहा महामोह तथा अहंकार रुपी महिषासुर तथा राग द्वेष आदि मधु कैटभ को मारने के लिए गुरु उपदेश सत्संग राम कथा व प्रभु वाणी आदि यह सब एक ही है। कराल कालिका है। काली हाथ में खडग लेकर महिषासुर वह असुर जो भैसे का रूप धारण कर आया था भैंसे का नही अपितु भैसे के रूप में आए असुर का वध करती है। आज उनके स्थानों पर इसी के प्रतीक रूप में भैसों की या अन्य जीवो की बलि का अमानवीय व निंदनीय कृत्य महाअपराध है तथा वैदिक शास्त्र संत गुरु प्रभु ज्ञानरूपी खड्क लेकर हमारे अंतर के राक्षसत्व पांच चोर महामोह व मिथया अहंकार रुपी महिषासुर का वध करते हैं।उन्होंने कहा कि मानव जीवन को ईश्वर की आराधना जरूरतमंदों की सेवा आदि में लगाना चाहिए। सदाचारपूर्ण जीवन बिताएं। राष्ट्रीयता,नैतिकता व चरित्र को भी जीवन में महत्व दें। स्वयं को सुसंस्कारित करके समान के लिए स्वयं को उपयोगी बनाएं। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मधु व भाव विभोर कर दिया सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

# समझौते के साथ ही सिख गुरुद्वारा सिंह सभा का विवाद हुआ समाप्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिखों की हल्द्वानी की सर्वोच्च संस्था सिख गुरुद्वारा सिंह सभा में जो विवाद पिछले कई वर्षों से चल रहा था। उसमें दोनों पक्षों द्वारा दायर वाद के संबंध में एक समझौता प्राधिकृत अधिकारी परगना मजिस्ट्रेट के न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमे सभी विवाद समाप्त कर नई कमेटी सरदार वीरेंद्र सिंह चड्ढा (अध्यक्ष) के नेतृत्व में गठन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी के आदेश के अंतिम निर्णय पारित किए गए। नवगठित कमेटी में सरदार वीरेंद्र सिंह चड्ढा अध्यक्ष , सरदार अमरजीत सिंह आनंद उपाध्यक्ष, सरदार कमलजीत सिंह उप्पल सचिव, सरदार जसवीर सिंह उपसचिव, सरदार रमनदीप सिंह कोषाध्यक्ष, सरदार अमनप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह सेठी, अमनदीप सिंह, गगनदीप सिंह एवं भुप्रीत सिंह साहनी सदस्य बनाए गए। जिसके क्रम में पूर्व अध्यक्ष सरदार रनजीत सिंह आनंद एवं समस्त कमेटी ने संस्था के सभी कार्यभार नवगठित अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चड्ढा व उनकी कमेटी को सौंप दिए गए एवं गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी भाई जगपाल सिंह द्वारा गुरु महाराज जी के आगे अरदास कर नई कमेटी को गुरु घर की सेवा समस्त संगत के साथ मिलकर करने की अरदास विनती की गई।



# दुर्गा पूजा का किया शुभारम्भ

किच्छा( उद संवाददाता) ।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी श्री संजीव कुमार सिंह पंतनगर लालबाग निकट हनुमान मन्दिर में आयोजित दुर्गा पूजा में पहुंचे एवं फीता काटकर दुर्गा पूजा आयोजन का शुभारम्भ किया व पूजा अर्चना कर के माँ का आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र एवं प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि



की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के सभी त्योहार हमको जीवन दर्शन की कोई ना कोई सीख देते हैं। हम सभी को उन बातों का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर धनञ्जय सिंह, राजेन्द्र जी, ब्रह्मानंद पुरोहित, नवीन सिंह, संजय यादव, कमलेश कुमार दुबे, मोहन आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्वास्थ्य मंत्री का जन्म दिन

किच्छा( उद संवाददाता)। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का जन्म दिन नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास से मनाया तथा उनके जन्मदिन के अवसर पर स्थानीय सरदार वल्लभभाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया फल वितरण के साथ-साथ स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन की सामग्री भी वितरित की गई। स्वास्थ्य मंत्री जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना द्वारा समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यक्तित्व किया गया तथा कार्यकर्ताओं के माध्यम से मरीजों को फल वितरित किए गए पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना , भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश बाधक विवेक दीप सिंह पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक राय भूपेंद्र राय द्वारा भी इस समय अपनी



उपस्थिति दर्ज कराते हुए मरीजों को फल वितरित किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण कार्यक्रम संपन्न करने के उपरांत सभी कार्यकर्ता स्थानीय प्राइमरी पाठशाला पहुंचे जहां पर उपस्थित स्कूल छात्र-छात्राओं को कॉपी पुस्तक किए गए तथा प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री वीडियो कॉल के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं ने हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु तैयार रहे तथा जो भी समस्याएं आम नागरिकों की हैं या मरीजों की है उसे संबंध में उन्हें लगातार अवगत कराया जाए ताकि शिक्षा एवं स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधाएं आम आदमी को मिल सके। इस अवसर पर कैलाश नरेंद्र टाकुली, प्रदीप पुजारा ,पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, लता सिंह, लता चौहान, माधुरी, आरती दुबे, कविता तिवारी, नितेश बाला, मिथुन मंडल उपस्थित थे।

# दिनेशपुर में दुर्गा पूजा की तैयारी पूरी

दिनेशपुर( उद संवाददाता) ।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य रूप से करने जा रही हैं , तराई में सर्वप्रथम दिनेशपुर में ही 1959 में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था,तब से दुर्गा पूजा वर्ष प्रतिवर्ष दिनेशपुर क्षेत्र में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत मंडल ने बताया दुर्गा पूजा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है, मेला बाजार में दुकान लग चुकी हैं,दिनेशपुर क्षेत्र के पूरे परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है, मूर्तिकार शिशिर ने बताया कि दुर्गा माता की प्रतिमा को अंतिम रूप देने जा रहे हैं आज माता की प्रतिमा पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगी एवं भक्तों के दर्शन के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे, उत्सव समिति के सांस्कृतिक प्रभारी मनोज अधिकारी एवं श्वेता गोस्वामी ने बताया कि षष्ठी पूजन से ही सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो जायेंगे जिसमें जिसमें बंगाली लोक संस्कृति से संबंधित जात्रा गान, कोवि गान, बाउल आदि व देशभर से आए कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमो की प्रस्तुतियां दी जाएगी। मेला प्रभारी अमल राय ने बताया 200 से अधिक दुकानों का आवंटन किया जा चुका है सभी दुकानदार अपनी अपनी दुकानों को लगाने में जुट गए हैं,।पूरे दिनेशपुर क्षेत्र में दुर्गा पूजा एवं रामलीला को लेकर आमजन में बहुत उत्साह का माहौल हैं ।



# विधायक पांडे ने किया डामर रोड का शिलान्यास

गदरपुर( उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान क्षेत्रीय विधायक ने किया 4 किलोमीटर डामर रोड का फीता काटकर शिलान्यास किया। बता दें कि गदरपुर के निकटवर्ती ग्राम राजपुरा में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने राजपुरा से कुआं खेड़ को जाने वाला ढाई किलोमीटर मार्ग व राजपुरा से खोखरा देवी मंदिर से होकर सकैनिया गदरपुर मार्ग में मिलने वाली लगभग डेढ़ किलोमीटर मार्ग जो बिल्कुल जरजर हो चुका था जिससे किसानों को अपने खेत से फसल लाने व वह मंदिर पर देवी



दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसके मध्य नजर ग्राम प्रधान भजन लाल उर्फ बब्बू कंबोज के प्रयासो आज सड़क का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया और इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया वहीं शिलान्यास के मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरजीत सिंह सोनू, किसान मोर्चा उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा,अवधेश कुमार,गदरपुर वार्ड न 03 के पूर्व सभासद राजेश उर्फ बब्लू सक्सेना, सरोवर नगर के पूर्व प्रधान राजेंद्र कंबोज वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कंबोज, प्रगतिशील किसान त्रिलोक चंद कंबोज, जगवीर, किशन,भजन लाल,बलवीर चन्द कम्बोज,प्रीत राज,जमना दास, श्याम चन्द, सहित दर्जनों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# श्री राम के आदर्शों पर चलकर ही आयेगा राम राज्यः सुखीजा

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी दिनेशपुर के माध्यम से कराई जा रही रामलीला में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिस पर कमेटी के सदस्यों द्वारा उनका आदर सत्कार किया गया । इस अवसर पर गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रभु राम के आदर्श पर चलकर हम राम राज्य



की संकल्पना कर सकते हैं जो समाज मे खुशहाली लेकर आएगा और कमेटी एवं नाटक क्लब और महावीर दल द्वारा कराई जा रही यह रामलीला दिनेशपुर के साथ-साथ अन्य युवा पीढ़ी को भी धर्म के रास्ते पर चलना सिखाएगा और इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता भोला शर्मा,अशोक छाबड़ा,कपिल कुमार,कुणाल रस्तोगी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता रैली कल से

रूद्रपुर ।शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की रैली का आयोजन 8 और 9 अक्टूबर को मौर्य एकेडमी गदरपुर में की जाएगी। इस वर्ष आयोजन की जिम्मेदारी गदरपुर ब्लॉक को दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी गदरपुर श्री सावेद आलम जी ने बताया है कि जनपद स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता के लिए मौर्य अकादमी का चयन किया गया है जिसमें सभी एथेलेटिक्स प्रतियोगिताएं, कबड्डी , खो-खो ,क्रिकेट, वॉलीबॉल ,हैंडबॉल ,ताइक्वांडो, बॉक्सिंग आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एस0एस0 पब्लिक स्कूल का चयन किया गया है ।खंड शिक्षा अधिकारी गदरपुर ने बताया है कि इस जनपदीय क्रीड़ा रैली में जिले के सभी ब्लॉक रुद्रपुर, खटीमा ,सितारगंज ,जसपुर, काशीपुर ,बाजपुर, गदरपुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 1600 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है प्रतियोगिता का उद्घाटन गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अरविंद पांडे जी द्वारा किया जाएगा।

# दुर्गा पूजा में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, शनिवार को रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कई स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। श्रीमती शर्मा ग्राम दानपुर पहुंची, जहां राम बाल कमेटी दानपुर द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रम में उन्होंने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की, और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का आयोजन कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया, उन्हें पीत वस्त्र डालकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया स यहां अपने संबोध न में श्रीमती शर्मा ने कहा कि हमारा क्षेत्र कौमी एकता का गुलदस्ता है, और यहां हर जाति धर्म के लोग अपने अपने कार्यक्रम मिलजुल कर और आपसी सौहार्द के साथ मनाते हैं, जो बहुदा दूसरे क्षेत्रों में कम देखने को मिलता हैं, उन्होंने कहा कि हम नवरात्रि में कन्या पूजन करते हैं, लेकिन कन्या पूजन का महत्व तभी है, जब हम कन्याओं को सम्मान के साथ-साथ उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान करें स इस अवसर पर सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाई गई, और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन मनदीप वर्मा द्वारा किया गया, इस अवसर पर ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा,शुभम रस्तोगी, राजेंद्र रस्तोगी, विजय वर्मा, ओम प्रकाश, महिपाल सिंह, किशोर कुमार, रविंद्र वर्मा,अनीता यादव, प्रियंका, सहित बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



# भगवती जागरण में विधायक शिव ने लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नवरात्रि पर कीरतपुर क्षेत्र के साईं बिहार में अयोजित माँ भगवती के विशाल जागरण में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने माँ शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा के चरणों में माथा टेक कर समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की ओर रुद्रपुर विकास के पथ पर आगे बढ़े ऐसा माँ भगवती से अरदास की। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नवरात्रि के इस पवित्र पर्व पर माँ का यह सुंदर सजा दरबार जहाँ आकर मन को शांति का अनुभव हुआ है, शारदीय नवरात्र का यह पवित्र पर्व शक्ति की उपासना ओर भक्ति के लिये जाना जाता है जिससे हमको अंतरमन में ऊर्जा का संचार होता है, माँ भगवती की कृपा सभी पर बनी रहे यही कामना करते है सभी प्रफुलित हों सभी तरक्की करे यही कामना करते है। जागरण में पूरी रात भक्तों ने मां भगवती का गुणगान किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, आयुष चिलाना, राजीव शुक्ला, राजेश तिवारी, कुदीप चंद,हरसहाय मौर्य, रामकुमार शर्मा, गुरमीत सिंह, आशीष कुमार, विकास कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।



# नवरात्र का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व: ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ग्राम दानपुर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचकर पूजा अर्चना की और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही श्री राम बाल कमेटी ने रामलीला के विभिन्न दृश्यों का मंचन भी किया। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि शारदीय नवरात्र का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। नवरात्र पर जगह जगह जागरण एवं दुर्गा पूजा महोत्सवों का आयोजन होने से माहौल भक्तिमय हो जाता है। ऐसे आयोजनों से युवा पढ़ी और बच्चों को भी अपने धर्म और संस्कृति का ज्ञान मिलता है और उन्हें धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, अंकित चंद्रा, ललित सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, मनदीप वर्मा, राजन कनवाल, विजय वर्मा, चंडिका प्रसाद यादव, रवींद्र वर्मा, ओम प्रकाश, रवि वर्मा, मनीष सिंह, विद्युत भट्टाचार्य, सुनील वर्मा, राहुल वर्मा, दीपक वर्मा, संजय वर्मा, रोहित वर्मा, भरत रतन, संदीप, अभिषेक यादव, बंटी राजोरिया, संजय राठौर, हैप्पी चौहान, विशाल मेहरा आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने वांछितों के घर चस्पा किये वारंट

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विभिन्न अभियोगों में वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने थाना गदरपुर में पंजीकृत मुकदमा अपराध सं0 232/2024 धारा 109(1)/121(2)/132/191 (3) /3 (5) बी0एन0एस0 व 26 वन अधिनियम में वांछित/ फरार अभियुक्त संदीप पुत्र प्रीतम सिंह नि.थापक नगला, कुलदीप सिंह उर्फ किप्पी पुत्र परमजीत सिंह,नि.थापक नगला,छिन्दर पुत्र छुवारा सिंह नि.ग्राम मड़य्या हट्टू,हरजिन्दर सिह उर्फ बाबू पुत्र जीत सिह नि.ग्राम खुशहालपुर,सुरेन्द्र सिंह उर्फ छेतु पुत्र जग्गा सिंह नि.हरसान,सोनू उर्फ चिकना पुत्र जगीर सिंह नि. मड़य्या हट्टू,करन सिंह पुत्र भगवान सिंह नि.हरसान,करन सिंह पुत्र माण्डा सिंह नि. सेमल हरसान के विरुद्ध मा0 न्यायालय से गिरफ्तारी अधिपत्र / धारा 84 बी0एन0एस0एस0 की आदेशिकाएं प्राप्त करते हुए गिरफ्तारी / आदेशिकाओं की तामीली हेतु अभियुक्तों के मकानों पर दबिश दी और अभियुक्तों के घरों पर नही मिलने पर परिजनों व गवाहों के समक्ष धारा 84 बीएनएसएस की आदेशिका की तामीली कर ढोल व डुगडुगी बजाकर मुनादी की गयी तथा परिजनों व गवाहों के समक्ष धारा 84 बीएनएसएसकी आदेशिकाएं अभियुक्त गण के घर के मुख्य गेट पर चस्पा की गयी।



## पेज एक का शेष...

**राज्य की उन्नति के लिए...**की स्थापना का उद्देश्य उत्तराखंड के लोगो की सोच में बदलाव लाकर प्रदेश को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाना है, मुझे खुशी है कि इस संस्थान ने तेरह वर्षों के दौरान निरंतर सफलता के पायदान चढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अपने देश के टॉप 20 संस्थानों में जगह बनाने वाले इस संस्थान के लिए, उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का यह सही समय है। महामहिम ने कहा कि हमारे पौराणिक ग्रंथो में भी गुरुओं का राज्य कल्याण के लिए योगदान का उल्लेख मिलता है। इसी तरह के योगदान के लिए आज का दिन हमारे राज्य के लिए यादगार दिन रहेगा, जब इस महाभियान की शुरुआत 'उत्तराखंड सेल' की स्थापना से हो रही है। उन्होंने कहा कि 'उत्तराखंड सेल' उत्तराखंड राज्य एवं आईआईएम काशीपुर के लिए एक 'थिंक टैंक' का काम करेगी जो कि राज्य एवं संस्थान के बीच एक सेतु होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रबंधकीय उत्कृष्टता के लिए अपना योगदान देगी, जो सेतु सेतु का पूरक होगा। यह सेल उत्तराखंड सरकार को संस्थान के विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों के प्राध्यापकों, उत्कृष्टता केंद्रों एवं अन्य संसाधनों से समन्वय एवं सामंजस्य स्थापित करेगी। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड सरकार के लिए योजना एवं कार्यक्रम को विकसित, आकलन एवं क्रियान्वयन में योगदान करना है। उन्होंने कहा कि भारत का मस्तक हिमालय, भगवान भोले शंकर का वास स्थान है। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हिमालय की गोद में देवभूमि उत्तराखंड स्थित है। भगवान शिव के त्रिशूल की तरह, तीन क्षेत्रों का योगदान उत्तराखंड के आर्थिक विकास में आवश्यक है। ये तीन क्षेत्र है टूरिज्म (पर्यटन), कृषि, (उद्यान) एवं तकनीक। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में तीन क्षेत्रों में विकास के कार्यों को लेकर राज्य के तीन प्रमुख विश्वविद्यालयों को आईआईएम काशीपुर के साथ काम करने के लिए एमओयू तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन के लिए कुमाऊं यूनिवर्सिटी, उद्यान के लिए जीबी पंत यूनिवर्सिटी तथा तकनिकी के लिए उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के साथ आईआईएम काशीपुर काम करेगा। उन्होंने कहा कि विश्व में हो रहे नए और सफल प्रयोगों से भी हमें सीखना चाहिए। हमें कैंपस के आस-पास उद्योग, व्यापार और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक इकोसिस्टम विकसित करना चाहिए जिससे हमारे देश के लिए विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग सुगम हो। जलवायु परिवर्तन और इकोलॉजिकल डिस्टर्बेंस उसी का परिणाम है। आज पूरा विश्व इस चुनौती से जूझ रहा है। हमें इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी बात है कि आज भारत के युवा स्वरोजगार की संस्कृति को अपना रहे हैं। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। भारत में 1.25 लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं। भारत में 116 यूनिकॉर्न हैं। भारत में स्टार्टअप से जुड़े 12 लाख युवाओं को नौकरी मिल रही है। कार्यक्रम में कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय दीवान सिंह रावत, कुलपति उत्तराखंड तकनीक विश्वविद्यालय ओंकार सिंह, कुलपति जीबी पन्त विश्वविद्यालय मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रभारी निदेशक आईआईएम प्रोफेसर सोमनाथ चक्रवर्ती के साथ एमओयू साइन किये गए, इसके उपरांत तीनों कुलपतियों द्वारा अपने विचार भी व्यक्त किए व राज्यपाल एवं कुलाधिपति का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कुलपति उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी डॉ ओंकार सिंह, कुलपति कुमाऊं यूनिवर्सिटी दीवान सिंह रावत, कुलपति गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रॉद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर डॉ0 एम एस चौहान, बोर्ड मेंबर संदीप सिंह, एनके मिश्रा, निदेशक आई आई एम काशीपुर सोमनाथ चक्रवर्ती, एडीएम अशोक कुमार जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक अभय कुमार सिंह, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

**हरिद्वार में लगे...**अज्ञात लोगों के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाने के आरोप में चार मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। हरिद्वार एसपी ने आगे बताया कि हरिद्वार पुलिस की सोशल मीडिया सेल द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग की कोशिश करने या भड़काऊ संदेश भेजने पर कड़ी कानून में कार्यवाही की जाएगी। स्मरण रहे, कि गाजियाबाद के डासना मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंह ने बीते 29 दिसंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एक विवादित बयान दिया था। इस बयान के बाद समुदाय विशेष के लोगों में गहरी नाराजगी देखी गई थी और समुदाय विशेष के व्यक्तियों ने चार एवं पांच अक्टूबर को हरिद्वार के कुछ क्षेत्रों में उग्र प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ नारे लगाए गए थे। हालांकि पुलिस ने यति नरसिंहानंद के खिलाफ उपरोक्त विवादित बयान दिए जाने के आरोप में तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया था ,लेकिन समुदाय विशेष के लोग मामला दर्ज होने भर से संतुष्ट नहीं हुए और आंदोलन-प्रदर्शन पर आमादा हो गए। खबर तो यह भी है कि यति नरसिंहानंद के विवादित बयान से नाराज समुदाय विशेष के एक व्यक्ति ने नरसिंहानंद की गर्दन काटने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा तक सोशल मीडिया पर कर डाली है । नरसिंहानंद की गर्दन काटने का फतवा जारी करने वाले युवक की पहचान नाहल निवासी फिरोज खान के रूप में हुई है उसके खिलाफ भी वेव सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ शिकायत डासना मंदिर के एक अन्य पुजारी यति रामस्वरूपानंद द्वारा की गई थी। शिकायत में कहा गया है कि फिरोज खान नाम के सोशल मीडिया यूजर ने यति नरसिंहानंद गिरि महाराज की गर्दन काटने वाले के लिए एक लाख का इनाम जारी किया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि अगर यति नरसिंहानंद को कुछ भी होता है तो इसका जिम्मेदार यह फिरोज खान नामक होगा

**हरियाणा में भाजपा...**गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के दिग्गज नेता गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। भाजपा की सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है, जिस तरह से भाजपा सरकार सब कुछ अडानी अंबानी को बेच रही है उससे जनता अब इस सरकार को सबक सिखाने के लिए बेचैन है। श्री सप्पल ने कहा कि हरियाणा में भाजपा का सफाया होने जा रहा है। हरियाणा में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस सरकार बनायेगी। इसके अलावा अब जहां जहां भी चुनाव होंगे वहां भाजपा का सफाया तय है। श्री सप्पल ने कहा कि भाजपा ने आम आदमी से लेकर युवाओं, किसानों, महिलाओं सबके साथ धोखा किया है। भाजपा का काम धोखा देना और आपस में लड़ाना है। जनता को आपस में लड़ाकर भाजपा सिर्फ अपना काम निकालती है। उन्होनें कहा कि देश में अब भाजपा की दोहरी राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच ले जाने का आहवान किया। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश,महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह लाडी, हरभ्‍जन सिंह विर्क, वीर सिंह विर्क, हरीश पनेरू, पुष्कर राज जैन, मुशर्रफ, राजेन्द्र सिंह पाल, शैलेन्द्र शर्मा, विक्रमजीत सिंह, ममता रानी, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, वजीर अहमद, नंद किशोर, सोनू, हरीश बावरा, उमा सरकार, संदीप चीमा, मोहन खेड़ा,साजिद खान, उमर अली, संजीव राठौर, रामकृष्ण सैनी, अरशद खान, आरिफ, छत्रपाल, निसार, अशफाक, मोहन कुमार, राजेश कुमार, फरीद मंसूरी, जमील अहमद, जितेन्द्र कुमार, प्रीति साना, मोनिका, अर्जुन विश्वास, भूपेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

**नमकीन की पैकेट..**निकाला। प्रथम दृष्टया जो किसी जानवर का प्रतीत होता है। दांत देखते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। कांग्रेस नेता ने तत्काल दुकानदार को जाकर इसकी शिकायत की। दुकानदार मुन्ना भाई ने बताया कि उन्होंने यह नमकीन मेसर्स आलम फूड प्रोडक्ट्स एच 9 पुर्राखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया जनपद बरेली उत्तर प्रदेश के सेल्समैन से खरीदा है। इसके लिए आलम फूड प्रोडक्ट्स पूरी तरह जिम्मेदार है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि क्योंकि उसका परिवार पूरी तरह वेजिटेरियन है इसलिए इस घटना के बाद से सभी को उल्टियां आ रही है और वह बीमार पड़ गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है की नमकीन बनाने वाली कंपनी जानवरों की चर्बी नमकीन बनाने में इस्तेमाल कर रही है। इंसानी जीवन पर इसका कुप्रभाव पड़ रहा है इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लोगों के धार्मिक भावनाओं का अनादर कर रही है। इस मामले में एक नोटिस आलम फूड प्रोडक्ट्स को भी भेजा गया है। इधर पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच पड़ताल शुरू कर दिया

**बेहड़ के नये ...**पदाधिकारी द्वारा दिए गए आशीर्वाद के करण आज वे स्वस्थ हैं तथा आम जनता की सेवा करने के लिए तैयार है उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका हर समय सहयोग किया तथा उनके लिए हर परिस्थिति में ईश्वर से दुआएं की गई जिस वजह से आज स्वस्थ होकर आम जनता की सेवा के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित भुल्लर, संजय पालीवाल प्रदेश महामंत्री, पूर्व सभासद पुनीत यादव, राजकुमार तनेजा, महिला नेत्री सुनीता कश्यप ,सतपाल गाबा सुभाष बेहड़,साक्षी छाबड़ा, पुनीत छाबड़ा मनोज गाबा पुरवा बेहड़, बिना बेहड़ ,सौरभ बेहड़,देवांश शर्मा, अशोक सिडाना, फरियाद शाह, जीवन जोशी, अरुण तनेजा, मदन मदान, गुड्डू तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, दलजीत खुराना, राजेश प्रताप सिंह, नजाकत खान, विरासत खान, फरियाद शाह, रईस अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

**डंपर की टक्कर...**आया था। सोमवार की सुबह दोनों ही मां बेटे बाइक से रामपुर के लिए रवाना हुए थे इसी बीच पीरुमदारा के पास डंपर संख्या एचआर 58 डी 6730 ने बाइक पर टक्कर मार दी जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए 108 के माध्यम से रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवारजनों में कोहराम मचा है।

**घर में घुसकर...**पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सिरोलीकला वार्ड 19 निवासी अशफाक हुसैन की 13 वर्षीय पुत्री इलमा अपनी ताई व उसके दो बच्चों के साथ घर में खेल रही थी। इसी दौरान एक युवक अचानक घर के भीतर आ धमका और उसने इलमा पर तमंचे से गोली चला दी और भाग गया। गोली इलमा के हाथ में लगी । फायर की आवास सुनकर वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और घायल बालिका को उपचार के लिए चिकित्यसालय भिजवाया। जहां से उसे हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। परिजनों से बातचीत करने के बाद पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को उस समय धर दबोचा जब वह कहीं भागने की फिराक था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर फायर में प्रयुक्त अवैध तमंचा भी बरामद कर लिया जो घर से कुछ दूरी पर फेंक दिया गया था। पुलिस युवक से कड़ी पूछताछ कर रही है।

**वैकल्पिक व्यवस्था से ..**तत्काल समाधान के निर्देश दिए थे। जिस पर खनन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन में ई रवन्ना प्रपत्र के स्थान पर तत्काल प्रपत्र, जेसे वैकल्पिक व्यवस्था करके खनिज का संचालन शुरू कर दिया गया है। अभिषेक अग्रवाल ने इसके लिए मुख्यमंत्री धामी एवं खनन विभाग के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं खनन विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा समस्या के निस्तारण हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कर सभी स्टोन क्रशर उद्योग के साथ ही प्रदेश की जनता को भी राहत दी है।

**वीर सिंह विर्क बने..**मनोनयन पत्र भी सौंपा। श्री सप्पल ने मनोनयन पत्र सौंपते हुए कांग्रेस की मजबूती और किसानों के हितों के लिए काम करने का आहवान किया। वीर सिंह विर्क ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उस पर वह पूरी निष्ठा से काम करेंगे और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रदेश महामंत्री बनने पर वीर सिंह विर्क का कांग्रेसियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बाबा अनूप सिंह को तरसेम हत्याकांड में फंसाए जाने पर जताया रोष

## निकाला मार्च, भारी संख्या में मातृशक्ति ने भी की सहभागिता

गदरपुर/नबावगंज(उद संवाद दाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिन्दसर साहिब नवाबगंज में विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में सिख, गणमान्य लोग एवं महिलायें-शिक्षिकायें भी पहुंची। जिन्होंने श्री नानकमत्ता कार सेवा के बाबा तरसेम



सिंह हत्याकांड में बाबा अनूप सिंह को साजिशन फंसाने का आरोप लगाते हुए तीखी आलोचना की। इससे पूर्व भी कई बार सिख संगत ने इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की थी। शासन एवं प्रशासन के उच्चाधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया था, जिस पर उच्चाधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया था लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने गुरुद्वारा नवाबगंज में अनूप सिंह के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही का नोटिस चस्पा कर दिया। सभा में संगत ने इसे लेकर नाराजगी व्यक्त की और पुनः इस मामलें की जांच किसी उच्च स्तरीय एजेंसी से कराने की मांग की। वक्ताओ ने कहा कि नवाबगंज/रतनपुरा कार सेवा डेरा प्रमुख अनूप सिंह का उक्त हत्याकांड मामले से कोई संबंध नहीं है। वह निर्दोष हैं। उनका संबंध इस घटना से जबरन जोड़ा जा रहा है,जो कि न्याय संगत नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि पहले सरकार इस पक्ष की जांच करें फिर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। वक्ताओं ने कहा कि अनूप सिंह हमेशा सामाजिक एवं शिक्षण कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेते रहे है और शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका काफी योगदान रहा है। सिख समाज के बच्चों को शिक्षा देने में वह हमेशा प्रयासरत रहते है। वक्ताओं ने कहा कि हमारे वीर जी जीवन देना जानते है न कि जीवन लेना। सभा के बाद विशाल मार्च निकाला गया जिसमें महिलाओं ने बैनर पोस्टर पर वीर अनूप सिंह निर्दोष हैं के साथ नारे लगाये। इस दौरान किसान नेता तजेन्द्र सिंह विर्क, हरमन जोत सिंह, हरप्रीत सिह मक्खू पंजाब, गुरबाज सिंह, मलकीत सिंह बाजवा,परमजीत सिंह भिंडर, सुरिंदर सिंह संधू, अफजलगढ़, मनप्रीत सिंह संधू पीलीभीत,अस्मिता चौहान अफजलगढ़, दलविंदर सिंह अमरिया,जसविंदर सिंह मलसी, परगट सिंह,ज्ञानी सुरिंदर सिंह, डा. दलजीत सिंह किच्छा, बलजीत सिंह बिट्टू, कश्मीर सिंह, लखविन्दर सिंह, प्रोफेसर कश्मीर सिंह,नवदीप सिंह अफजलगढ़, लखविन्दर सिंह रामपुर, सुरैन सिंह, प्रगट सिह, गुरनाम सिंह, देवेन्द्र सिंह, हरजिन्दर सिंह, नबाव सिंह, प्रताप सिंह, हरमन जोत सिंह, डीके बाजपेयी,भूपेन्द्र सिंह, मनजीत सिंह,पृथपाल सिंह, हरप्रीत सिह, दरबारा सिंह ,रेशम सिंह ,निर्मल सिंह हंसपाल, सतनाम सिंह शौंकी, बलजिंदर सिंह पूर्व सदस्य भाषा विभाग पटियाला, हरजीत सिंह ,जसवीर सिंह,हरनाम सिंह, गुरमीत सिंह, गुरजंट सिंह सहित काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने वीर अनूप सिंह को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच करवाये जाने की मांग की गयी। बाजपेयी, भूपेन्द्र सिंह, मनजीत सिंह, पृथपाल सिंह, हरप्रीत सिह, दरबारा सिंह आदि मौजूद थे।

## गुरू घर की सेवा के लिए समर्पित हैं बाबा अनूप सिंह

गदरपुर। लगभग चार दशक पूर्व से गुरुद्वारा श्री हरगोविंद सर नवाबगंज तहसील बिलासपुर जिला रामपुर में कार सेवा के माध्यम से अनूप सिंह को सेवा सौंपी गई थी जिनके द्वारा आज तक निस्वार्थ भाव से सेवा करके नशा मुक्ति अभियान चलाते हुए जरूरतमंदों की सहायता भी की गई। कई गरीब बच्चों की शिक्षा हेतु सहायता एवं गरीब कन्याओं के विवाह के लिए भी हमेशा अग्रणी रहे चार अकादमी स्थापित करके शिक्षा के क्षेत्र में वे नवाबगंज को एक उच्च मुकाम पर पहुंचा चुके हैं वहीं हर वर्ष कबड्डी सहित अन्य खेलों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य उन्होंने किया। मीरी पीरी खालसा अकैडमी के बच्चे देश के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न खेलों में गोल्ड मेडल एवं अन्य पुरस्कार जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं । अनूप सिंह द्वारा अपने परिवार का भी परित्याग करके केवल गुरुघर की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित किया है जिनके द्वारा आजीवन गुरु घर की सेवा के लिए दो समय का भोजन और कपड़ा जैसी मूलभूत सुविधाओं के अलावा अन्य सुविधाओं का परित्याग किया है जिस पर संगत द्वारा उन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। उन पर हत्याकांड में शामिल होने जैसे लांछन लगाए जाने पर संगत में रोष पनप रहा है प्रशासन को चाहिए निष्पक्ष जांच करके दोषियों को सजा एवं वीर जी को दोष मुक्त किया जाए।

# केवट की नैया ने प्रभु राम को कराया गंगा पार





## मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय एवं लवली हुड़िया ने की मंचन की सराहना

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के आवास विकास स्थित रामलीला मैदान में श्री शिव पार्वती रामलीला के मंच पर प्रभु राम की लीला के मंचन के पांचवे दिन केवट नैया पार का सुंदर मंचन प्रस्तुत किया गया।जिसमें केवट की भूमिका प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश भुड्डी बन्टी भैया ने अदा की।केवट के रूप में बन्टी भुड्डी को देख उपस्थित जनता ने तालिया बजाकर उनका स्वागत किया।वही लीला के दौरान राकेश भुड्डी बन्टी ने धर्मप्रेमी जनता को अपनी अदाकारी से भाव विभोर कर दिया।लीला में दर्शाया गया कि राम, लक्ष्मण, सीता वनवास के दौरान श्रृंगवेरपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन सुबह निषाद राज केवट से गंगा पार जाने के लिए नाव की व्यवस्था करने का आदेश देते हैं। केवट ने जब सुना कि अयोध्या नरेश महाराज दशरथ के पुत्र राम नदी के तट पर भाई लक्ष्मण, पत्नी सीता के साथ खड़े हैं तो वह वहां आकर राम को दंडवत करता है। केवट से घर से कठौता ले करके आया और अति आनंद उमगी अनुरागा, चरण सरोज पखारन लागा। उसके भक्ति से खुश होकर देवलोक से पुष्पों की वर्षा होने लगती है। उधर केवट राम की चरणों को पखारकर अपने पितरों को तार देता है। राम गंगा पार होने के बाद केवट को नाव खेवाई देते है तो केवट कहता है कि अब कछु नाथ न चाहिए मोरे, दीन दयाल अनुग्रह तोरे। हे नाथ मुझे इसकी कोई आवश्यकता नहीं है मल्लाह मल्लाह खेवाई नहीं लेता है मैंने आपको गंगा पार किया। जब मैं आपके धाम आऊंगा तो मुझे आप भवसागर से पार कर दीजिएगा। इतना सुनने के बाद राम ने केवट को अविरल भक्ति का वरदान देकर बन प्रदेश के लिए प्रस्थान कर देते हैं। लीला को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। वही रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय एवं अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया का रामलीला कमेटी द्वारा पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।क्षेत्रीय विधायक पांडेय ने जनता को अपने संबोधन से तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया वही दोनों ही अतिथियो ने रामलीला के मंच पर मंचन कर रहे पात्रों की जमकर सराहना करते हुए रामलीला कमेटी, नाट्यकलब व महावीर दल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया ने रामलीला के मंच से जनता को सम्बोधित करते हुए कहा माता पिता की एक आज्ञा को मानते हुए प्रभु राम ने चौदह वर्षो का बनवास स्वीकार कर लिया।उसी प्रकार कलयुग में सन्तान माता पिता की सच्चे दिल से सेवा करे और प्रभु राम के नाम का चिंतन करने मात्र से ही भव सागर से पार हो सकता है।उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर देश हित ओर समाज हित मे कार्य करने की प्रेरणा दी।क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने भाव विभोर होते हुए कहा भरत जैसा भाई होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा जब राम जी जंगल को गए तो वनदेवी से प्रार्थना करते हुए कहा कि जिस रास्ते से होकर मैं गुजरा हु वहां से सारे कांटे हटा दिए जाएं जिस पर वन देवी द्वारा कारण पूछने पर प्रभु राम ने उत्तर दिया कि उन्हें पता है उनका अनुज भरत उन्हें ढूंढता हुआ वन में जरूर आएगा । उन्होंने भरत जैसे भाई का मिलना सौभाग्य की बात कही और क्षेत्रीय जनता को सुंदर मंचन की बधाई दी। श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा ने भावुक होते हुए कहा कि उनका सपना तीन वर्षों में जाकर साकार हुआ है उन्होंने कहा लवली हुड़िया उनका छोटा भाई है और रामलीला के मंच पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लवली को देख आज बहुत खुश है उन्होंने कहा लवली हुड़िया का इन्जार वह तीन वर्षों से कर रहे थे उनका सपना प्रभु राम में पूरा किया जिसके लिए वह प्रभु राम से लवली के स्वस्थ जीवन व दीर्घायु की कामना करते है। इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संतलाल हुड़िया कोषाध्यक्ष राज गुम्बर, राजीव पपनेजा, संतोष गुप्ता, सुभाष गुम्बर,गौतम पपनेजा, चंकित हुड़िया, अंकित हुड़िया, राहुल कश्यप, प्रेम सचदेवा, मनोज गुम्बर मिंटू,जुगनू डंग, राकेश अनेजा, वीरेन्द्र गगनेजा, मदन अरोरा, केवल फुटेला, हरीश रहलन, सुभाष नारंग,सचिन गुप्ता, मोहित अरोरा, दीपक कालड़ा, सागर गाबा, मनीष सेतिया, सुरेन्द्र सचदेवा, शिवम कोचर, शिवम खुराना,मो उमर, विपुल प्रजापति, ज्ञानचंद बजाज,संजीव नागपाल,अभिषेक शर्मा,ओमकार बेहड़, दीपक बेहड़, रूपेश वाधवा,राजू वाधवा,गोल्डी गगनेजा,हन्नी सुखीजा,आदर्श मदान, गौरव बत्रा, रिंकू शर्मा,सागर बेहड़, विशाल सक्सेना सहित धर्मप्रेमी जनता उपस्थित रही।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000